दिन– शुक्रवार दिनांक– 20/09/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज पीएम विश्वकर्मा योजना के एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में शामिल होंगे।

02. पटना, सारण, भोजपुर और बक्सर समेत राज्य के आठ जिलों में बाढ़ की स्थिति गंभीर। एनएच–इकतीस के क्षतिग्रस्त होने से सारण और उत्तर प्रदेश के बीच सड़क संपर्क भंग।

03. नवादा जिले के देदौर गांव में महादलित परिवार के घरों में आग लगाने की घटना की जांच के लिए एसआईटी का गठन। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने घटना की उच्च स्तरीय समीक्षा की।

04. और, एनआईए ने जदयू की पूर्व विधान पार्षद मनोरमा देवी के गया स्थित आवास पर छापेमारी के दौरान चार करोड़ रूपये और दस हथियार समेत कई आपत्तिजनक सामान बरामद किए।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज पीएम विश्वकर्मा योजना के एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। श्री मोदी महाराष्ट्र के वर्धा में आयोजित समारोह में पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों को प्रमाण–पत्र और ऋण वितरित करेंगे। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

इधर, पटना के उद्यमिता विकास संस्थान में भी इस अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान विश्वकर्मा योजना के तहत संस्थान से प्रशिक्षण प्राप्त लाभार्थियों का प्रधानमंत्री से संवाद कार्यक्रम निर्धारित है। कार्यक्रम में पटना साहिब के सांसद रविशंकर प्रसाद भी उपस्थित रहेंगे।

---

पटना, सारण, भोजपुर और बक्सर समेत राज्य के आठ जिलों में बाढ़ की स्थिति गंभीर हो गयी है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा, सोन,

पुनपुन, घाघरा, बूढ़ी गंडक और कोसी नदी का जलस्तर कई स्थानों पर खतरे के निशान को पार कर गया है। सारण से हमारे संवाददाता ने बताया कि गंगा और घाघरा नदी का जलस्तर बढ़ने से उत्तर प्रदेश की सीमा के पास एनएच–इकतीस क्षतिग्रस्त हो गयी है।

---रिपोर्ट---

उत्तर प्रदेश सीमा के पास मांझी और बैरिया के बीच एनएच–इकतीस का एक बड़ा हिस्सा ध्वस्त हो गया है, जिससे उत्तर प्रदेश और सारण के बीच सड़क संपर्क टूट गया है। वहीं, सिताबदियारा और कुतुबपुर का भी जिला मुख्यालय से सड़क संपर्क भंग हो गया है। छपरा शहर के रिहायशी इलाकों में भी धीरे–धीरे बाढ़ का पानी प्रवेश कर रहा है। साहेबगंज चौक, कचहरी रोड, शिल्पी रोड, नगर पालिका चौक, जजेज आवास, नगर निगम कार्यालय, जिलाधिकारी कार्यालय और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में भी बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। जिले के बत्तीस पंचायत बाढ़ की चपेट आ चुके हैं। इस बीच, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर अधिकारियों को राहत और बचाव अभियान चलाने के निर्देश दिये। आकाशवाणी समाचार के लिए सारण से पवन कुमार सिंह।

पटना से हमारे संवाददाता ने बताया कि गंगा, सोन और पुनपुन नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी से बाढ की स्थिति लगातार गंभीर होती जा रही है।

---रिपोर्ट---

पटना जिले के सात अंचलों के दियारा क्षेत्र पूरी तरह बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं। अथमलगोला अंचल की रामनगर दियारा पंचायत के लगभग पांच सौ परिवार बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। दीघा स्थित बिंदटोली में गंगा नदी का पानी प्रवेश कर जाने से लोगों का पलायन शुरू हो गया है। वहीं, बख्तियारपुर अंचल की रूपस चीरैया और महाजी हरिदासपुर दियारा गांव बाढ़ के पानी से घिर चुके हैं। बाढ़ अंचल में इब्राहिमपुर पंचायत का दियारा क्षेत्र बाढ़ से प्रभावित है। मनेर अंचल के भी कई गांवों में बाढ़ का पानी फैल गया है। दानापुर अंचल की छह पंचायतें बाढ़ से प्रभावित हुई है। इधर, जिला प्रशासन की ओर से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही बाढ़ पीड़ितों के लिए सरकारी स्तर पर नाव का परिचालन भी शुरू किया गया है। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से आशीष रंजन।

इधर, भोजपुर जिले में भी गंगा नदी तबाही मचा रही है। जिले पांच प्रखंडों के तटवर्ती गांव बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं। जिला प्रशासन ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के एक सौ तिरेपन विद्यालयों को तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया है। बक्सर से हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले के पांच प्रखंडों – बक्सर, ब्रहमपुर, सिमरी, चौसा और चक्की की पंद्रह पंचायतें बाढ़ की चपेट में हैं। बाढ का पानी सड़कों पर आ जाने से यातायात व्यवस्था प्रभावित हुई है। वैशाली जिले के पांच प्रखंडों में गंगा और गंडक नदी का पानी फैल गया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले के राघोपुर प्रखंड में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुयी है। प्रखंड के रूस्तमपुर, बीरपुर, जाफराबाद, जहांगीरपुर, सरायपुर, तेरसिया, फतेहपुर और बहरामपुर समेत कई गांवों में बाढ़ का पानी फैल गया है। इन गांवों का प्रखंड मुख्यालय से सड़क सपर्क बाधित हो गया है। बाढ़ के पानी के कारण कई विद्यालय और आंगनबाड़ी केन्द्र भी जलमग्न हो गये हैं।

इधर, मुंगेर से हमारे संवाददाता ने बताया कि गंगा नदी में उफान के चलते बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के लोगों की समस्याएं काफी बढ़ गयी हैं।

---रिपोर्ट---

मुंगेर में गंगा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। जिले के कुतलुपुर, जाफरनगर, तारापुर दियारा, सीताकुंड डीह सहित सदर प्रखंड, बरियापुर, जमालपुर, धरहरा और असरगंज प्रखंड के कई गांवों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर चुका है। इस बीच, आपदा प्रबंधन विभाग ने तटवर्ती क्षेत्र में रह रहे लोगों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। विभाग की ओर से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में नाव परिचालन की व्यवस्था की गयी है। आकाशवाणी समाचार के लिए मुंगेर से प्रशांत कुमार।

भागलपुर के तटवर्ती क्षेत्रों में भी गंगा नदी के पानी से बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। समस्तीपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि गंगा के जलस्तर में हो रही वृद्धि के कारण मोहनपुर, मोहिउद्दीन नगर और विद्यापति नगर प्रखंड के पच्चीस से अधिक गांव बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के उनचालीस विद्यालयों को बंद कर दिया गया है। इधर, सोन नदी के जलस्तर में लगातर बढ़ोतरी से रोहतास, अरवल और औरंगाबाद जिले के निचले इलाके बाढ़ की चपेट में हैं। नालंदा से हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले के पांच प्रखंडों में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुयी है। लगभग सात सौ बीघा खेत में लगी फसल डूब गयी है।

---

नवादा जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में देदौर गांव में महादलित परिवार के इक्कीस घरों में आग लगाने की घटना की जांच के लिए पुलिस ने एसआईटी का गठन किया है। इस मामले में अट्ठाईस लोगों पर नामजद और कई अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पुलिस ने इस मामले में अबतक पंद्रह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस बीच, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कल पटना में पूरे मामले की उच्च स्तरीय समीक्षा की। श्री कुमार ने एडीजी विधि व्यवस्था संजय सिंह को घटना स्थल का दौरा करने और जांच की निगरानी के आदेश दिये। इधर, मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रभावित लोगों के बीच सहायता राशि का वितरण किया गया।

---

राष्ट्रीय जांच एजेंसी, एनआईए ने नक्सली संगठनों से गठजोड़ के आरोप में जदयू की पूर्व विधान पार्षद मनोरमा देवी के गया स्थित आवास समेत पांच अन्य स्थानों पर छापेमारी की है। एजेंसी द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि छापेमारी के दौरान मनोरमा देवी के आवास से चार करोड़ तीन लाख रूपये, दस हथियार, कई कागजात, पेन ड्राईव, मोबाईल फोन और लैपटॉप समेत कई डिजीटल उपकरण बरामद किये गये हैं। इधर, एनआईए ने भभुआ बाजार स्थित एक प्रिटिंग प्रेस में छापेमारी की है। छापेमारी के दौरान कई आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किये गए।

---

राज्य सरकार ने केन्द्र से प्रदेश के सात हजार से अधिक बसावट और टोलों को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण में शामिल किये जाने की मांग की है। ग्रामीण कार्य विभाग के मंत्री डॉ. अशोक चौधरी ने इस संबंध में कल नई दिल्ली में केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की। प्राप्त जानकारी के अनुसार केन्द्रीय मंत्री ने इन बसावटों और टोलों का सर्वे कर इन्हें योजना में शामिल करने का आश्वासन दिया।

---

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि केन्द्र सरकार बीमा योजना पर जीएसटी अठारह फीसदी से घटा कर पांच फीसदी करने या इसे कर मुक्त करने पर विचार कर रही है। पटना में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि बीमा योजनाओं से बिहार को ग्यारह सौ करोड़ रूपये की राशि राजस्व के रूप में प्राप्त होती है।

---

राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर आज दो दिवसीय दौरे पर किशनगंज पहुचेंगे। राज्यपाल सम्राट अशोक भवन में आयोजित पंचायती राज जनप्रतिनिधियों के एक कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। श्री आर्लेकर सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियो के साथ भी बैठक करेंगे।

---

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटो के दौरान डेंगू के एक सौ चौदह नये मामलों की पुष्टि हुयी है। पटना में रिकॉर्ड सत्तर मरीज मिले हैं। राज्य में अबतक डेंगू के दो हजार तिरानवे मामलों की पुष्टि हो चुकी है। इधर, पिछले दो दिनों में राजधानी पटना में चिकनगुनिया के नौ मरीजों की पुष्टि हुयी है।

---

छपरा नगर थाना क्षेत्र के सोनारपट्टी स्थित कठिया बाबा मंदिर की एक दीवार ढहने से दो बच्चों की दबकर मौत हो गयी। इस हादसे में एक बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गयी, जिसका इलाज चल रहा है।

---

बक्सर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत एक निजी अस्पताल में पुलिस ने छापेमारी कर पांच अपराधियों को हथियार और शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

---

भागलपुर जिले के तिलकामांझी थाना क्षेत्र में पुलिस और डीआईयू की टीम ने संयुक्त अभियान में मोटरसाईकिल चोर गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। मौके से सात मोटरसाईकिल भी बरामद की गयी है।

---

सुपौल जिले के बलुआ बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत ईशाक चौक के पास सीमा शुल्क की टीम ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से तेईस बोरी चाईनीज लहसुन और तीन मोटरसाईकिल जब्त की है।

---

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की बड़ी खबर है – अगले पांच वर्षों में बिहार के किसी भी हिस्से में चार घंटे में पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा समीक्षा बैठक में कार्य योजना पर चर्चा।

**दैनिक भास्कर** लिखता है – नवादा में भूमि सर्वे में नाम दर्ज करवाने के लिए फूंकी दलित बस्ती। तीन दशक से भी ज्यादा पुराना विवाद।

गंगा नदी में प्रदूषण की खबर को तरजीह देते हुए **दैनिक जागरण** ने लिखा है – जानलेवा रसायन से विलुप्त हो रही मछलियां। अस्सी प्रतिशत तक घटी प्रजनन क्षमता।

**प्रभात खबर** ने लिखा है – पूर्णिया रेंज के आईजी शिवदीप लांडे का इस्तीफा।

**आज** अखबार की बड़ी खबर है – बिहार में फिर प्रशासनिक फेर–बदल, ग्यारह डीएसपी का तबादला।

**नवबिहार टाईम्स** लिखता है – स्मार्ट मीटर नहीं लगवाने वालों की खैर नहीं। कटेगी बिजली।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर............

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज पीएम विश्वकर्मा योजना के एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में शामिल होंगे।

02. पटना, सारण, भोजपुर और बक्सर समेत राज्य के आठ जिलों में बाढ़ की स्थिति गंभीर। एनएच–इकतीस के क्षतिग्रस्त होने से सारण और उत्तर प्रदेश के बीच सड़क संपर्क भंग।

03. नवादा जिले के देदौर गांव में महादलित परिवार के घरों में आग लगाने की घटना की जांच के लिए एसआईटी का गठन। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने घटना की उच्च स्तरीय समीक्षा की।

04. और, एनआईए ने जदयू की पूर्व विधान पार्षद मनोरमा देवी के गया स्थित आवास पर छापेमारी के दौरान चार करोड़ रूपये और दस हथियार समेत कई आपत्तिजनक सामान बरामद किए।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।